'एक जिला एक उत्पाद' 'One District One Product (ODOP)'
फोकस राज्य - हिमाचल प्रदेश
25 नवंबर 2024

<u>राजदूत श्री विनोद जैकब का भाषण</u>

श्रीमान राजन शर्मा, श्री रमन शर्मा,

मुझे आज भारतीय दूतावास में हमारे भारत देश के हिमाचल प्रदेश राज्य पर आधारित 'एक जिला एक उत्पाद' यानी One District One Product (ODOP) तथा पर्यटन दर्शाने वाली दीवारों का उद्घाटन करते हुए खुशी हो रही है।

हिमाचल प्रदेश को देवभूमि या वीरभूमि भी कहा जाता है, यह भारत के उत्तरी राज्यों में से एक है। इस राज्य एक समृद्ध इतिहास है और इस राज्य के मिलनसार लोगों ने आधुनिक भारत में राष्ट्र निर्माण में बहुत योगदान दिया है।

मुझे उम्मीद है कि अगले दो महीनों के लिए हिमाचल प्रदेश पर ध्यान केंद्रित करने से बहरीन में रहने वाले सभी भारतीय और उनके दोस्त इस राज्य की संस्कृति की सुंदरता की सराहना करेंगे और वाणिज्यिक संबंधों के अवसरों की तलाश करेंगे।

जैसा कि आप सभी अब तक जानते हैं, पिछले लगभग एक वर्ष से, मेरा दूतावास 'Focus State/ Union Territory' Initiative चला रहा है। अभी तक हमने राजस्थान, कश्मीर, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, ओडिशा और पंजाब को दर्शाया है।

मुझे खुशी है कि हिमाचल प्रदेश राज्य के भारतीय समुदाय के सदस्य भी इस उद्घाटन का आज हिस्सा हैं और उम्मीद है कि राज्य को बढ़ावा देने के लिए अगले दो महीनों तक दूतावास के साथ साझेदारी करेंगे।

अब हम सब हिमाचल प्रदेश की एक सांस्कृतिक प्रस्तुति देखते हैं।

धन्यवाद ।